समग्र

# मानसिक अभिरुचि

# Mental Aptitude




## Latest Pattern Of Police Aptitude & SRT

RS Pailwar

समग्र
# मानसिक अभिरुचि
## Mental Aptitude




Latest Pattern Of Police Aptitude & SRT

RS Pailwar

“आज वही कल है।
जिस कल का आपको
कल इंतजार था।”

# अभिरुचि बैच

## पुस्तक खरीदें और पाएं मात्र 50 रुपए में

इस पुस्तक पर आधारित हमारा यह बैच जहाँ Thoery के साथ-साथ हर प्रश्न का Detailed Solution मिलेगा।

नोट- यह बैच RS Pailwar द्वारा ही Complete कराया जायेगा।

REASONING RUNWAY

Scan And Install Our App

यहाँ रटाया नहीं, सिखाया जाता है

अभिरुचि बैच पर जाएं और दिए गए Coupon Code को Apply करें।

SAMAGRA

Scan For Demo Class

Reasoning Runway

# प्राक्कथन

**'गागर में सागर'** कहावत को चरितार्थ करने वाली यह पुस्तक उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए संजीवनी साबित होगी।

यह पुस्तक मानसिक अभिरुचि जैसे जटिल विषय को आसान और व्यावहारिक बनाती है जो कि एक सामान्य विद्यार्थी के लिए अति आवश्यक है।

मैं, बतौर लेखक यह दावा तो नहीं करता कि आगामी परीक्षाओं के समस्त प्रश्न इसी पुस्तक से आयेंगे लेकिन यह दावा निश्चित ही किया जा सकता है, कि हर संभावना इस पुस्तक से होकर अवश्य गुजरेगी।

**धन्यवाद**

# आभार

**तेरा तुझको अर्पण......**

**जीवन** रूपी यात्रा के इस पड़ाव तक पहुँचना, जाने कितने लोगों की कड़ी मेहनत, आशीर्वाद व अपेक्षाओं का परिणाम है । जिन सबका मैं चाहकर भी धन्यवाद अदा नहीं कर सकता । मेरे दादा जी (श्री राम दयाल जी) जो आज इस दुनियाँ में नहीं हैं। उन्होंने मुझे अक्षर लिखना, पढ़ना और सपने देखना सिखाया । मेरे माता-पिता जिन्होंने अपने और दूसरों के खेत खलियानों में मजदूरी कर उन सपनों को मरने से बचाया । मेरे एक अध्यापक (श्री संतकुमार जी) जिन्होंने कितनी भी कठिनाइयाँ आने पर इन काले अक्षरों से विमुख नहीं होने दिया।

लेकिन जीवन को असली आयाम देने, संभावनाओं को विकसित करने, कीचड़ में खड़े होकर आसमान छूने, मानवीय संवेदनाओं का उदय करने व बिना किसी एहसान के मेरी हर समस्या को हल करने का काम मेरे ताऊ जी (डा. केशव प्रथमवीर जी Rtd. Pro. Pune University) ने किया। यदि वह मेरे जीवन में न आते तो मेरे लिए यहाँ तक पहुँचना तो दूर, सोच पाना भी असम्भव था । आपके योगदान को एक पृष्ठ तो क्या समस्त पुस्तक में भी सहेज पाना शायद..........

इस शृंखला में मेरे समस्त गुरुजन, परिवारी, सहयोगी व विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा है तथा ए.के. शर्मा जी, कृष्णवीर जी, सौरभ व प्रवीण ने अपनी प्रतिक्रियाओं व सुझावों के माध्यम से इस पुस्तक के लेखन में विशेष योगदान दिया है।

मैं आप सबका हृदय की अनंत गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूँ व इस पुस्तक को आप सभी को समर्पित करता हूँ।

**आपके प्यार व आशीर्वाद का आकांक्षी**

**आपका...............**

# अनुक्रमणिका


| | | |
|---|---|---|
| 1. | जनहित वादकरण | 01 - 05 |
| 2. | कानून एवं व्यवस्था | 06 - 11 |
| 3. | साम्प्रदायिक सद्भाव | 12 - 17 |
| 4. | अपराध नियन्त्रण | 18 - 23 |
| 5. | विधि का शासन | 24 - 27 |
| 6. | अनुकूलन क्षमता | 28 - 33 |
| 7. | व्यावसायिक सूचना-प्राथमिक स्तर | 34 - 38 |
| 8. | पुलिस प्रणाली | 39 - 44 |
| 9. | समकालीन पुलिस मुद्दे | 45 - 49 |
| 10. | विधि का मौलिक ज्ञान | 50 - 56 |
| 11. | व्यवसाय के प्रति रूचि | 57 - 62 |
| 12. | मानसिक दृढ़ता | 63 - 67 |
| 13. | अल्पसंख्यकों एवं अल्प अधिकार वालों के प्रति संवेदनशीलता | 68 - 74 |
| 14. | लैंगिक संवेदनशीलता | 75 - 82 |
| 15. | विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न | 83 - 92 |

# 1 जनहित वादकरण/लोकहितवाद/जनहित याचिका (PUBLIC INTEREST LITIGATION)

**जनहित** का तात्पर्य समाज के प्रत्येक जन (व्यक्ति) के हित से है। व्यापक संदर्भ में कहें तो इस दुनिया के हर जीव के हित से है, अर्थात प्रत्येक व्यक्ति द्वारा समाज के प्रति उसके उत्तरदायित्व समझने और उसके अनुरूप समाज कल्याण की उदात्त भावना से प्रेरित जीवन यापन करने से है। जनहित के लिए व्यक्ति के प्रयास भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में होते हैं जैसे- शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण, न्याय, बालश्रम, मूलाधिकार, अस्मिता, अस्तित्व, समयपूर्व सेवानिवृत्ति, कारागार बंदियों के साथ मानवीय व्यवहार व जनहितवाद का दुरूपयोग न करने आदि।

## जनहितवाद क्या है ?

समाज के प्रत्येक व्यक्ति का समाज के प्रति उत्तरदायी होना आवश्यक है। अर्थात् प्रशासन भी समाज के प्रति उत्तरदायी है। जब कभी कोई भी प्रशासनिक कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करता और उससे किसी व्यक्ति, समाज या संस्था के अधिकारों का हनन होता है तो उसके खिलाफ संविधान के **Art - 226** के तहत उच्च न्यायालय में तथा **Art - 32** के तहत सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायिर की जा सकती है। इसी याचिका दायिर करने की प्रक्रिया को लोकहितवाद या जनहित वादकरण कहते हैं।

❖ **भारत में जनहित याचिका (PIL) का जनक मुख्य न्यायधीश पी. एन. भगवती को माना जाता है |**

### (क) जनहितवाद कब प्रस्तुत किया जा सकता है ?

(i) सरकार द्वारा मन-माना कर लगाने पर

(ii) सड़क सुरक्षा जैसे- स्ट्रीट लाइट या पुलिस चौकी न होने पर

(iii) प्रदूषणकारी फैक्ट्री लगाने पर

(iv) काम काजी महिलाओं का यौन उत्पीड़न होने पर

(v) कारागार बंदियों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार न होने पर

(vi) प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने पर

(vii) अश्लील विज्ञापानों के लगाये जाने पर

(viii) समयपूर्व सेवानिवृत्ति न देने पर

(ix) बाल श्रम कराये जाने पर

(x) वेश्याओं की संतानों के साथ दुर्व्यवहार होने पर

(xi) जनहितवाद का दुरुपयोग करने पर

### (ख) जनहित याचिका कौन दायिर कर सकता है ?

i. कोई भी व्यक्ति या संस्था सार्वजनिक हितों का हनन होने पर संबंधित मामले को न्यायालय में उठा सकते हैं |

ii. न्यायालय भी मीडिया, सरकारी रिपोर्ट आदि के आधार पर किसी मामले का स्वतः संज्ञान ले सकता है |

## संभावित प्रश्न

**1. लोकहित वाद दायर किया जा सकता है ?**

(a) जिसके मूल अधिकारों का हनन हुआ है, केवल उसी व्यक्ति द्वारा
(b) किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा
(c) केवल सरकार द्वारा
(d) केवल सरकारी कर्मचारी द्वारा

**2. पुलिस अधिकारी के लिए बल का प्रयोग किस स्थिति में योग्य है?**

(a) हमेशा जब अप्रिय व्यक्तियों के साथ निपटते हैं |
(b) केवल जब ऑफिसर को स्वयं का खतरा हो |
(c) जब ऑफिसर खुद को या अन्य लोगों को सुरक्षित रखना चाहे |
(d) जब ऑफिसर इसे अति आवश्यक समझते हैं |

**3. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य लोक असुविधा का कार्य है?**

(a) आवासीय क्षेत्र में बारूद बनाने की फैक्ट्री चलाना
(b) मृत पशुओं के अंगों, हड्डियों व चर्बी आदि से खाद्य पदार्थ बनाना
(c) बस्ती के समीप आतिशबाजी व पटाखों को बिना लाइसेंस के खोले आम बेचना
(d) उपर्युक्त सभी कार्य लोक असुविधा (Public-Nuisance) के कार्य है

**4. एक व्यक्ति अवैध ड्रग्स के मामले में संदेह की दृष्टि में है लेकिन आपके पास सर्च वारंट नहीं है, तो आप कैसे कार्रवाई करेंगे ?**

(a) सर्च वारंट प्राप्त करने तक व्यक्ति को रोकें |
(b) संभावित कारण के आधार पर खोज का आयोजन करें |
(c) व्यक्ति से पूछताछ के लिए सहमति मांगें लेकिन ध्यान रहे व्यक्ति के मूल अधिकारों का हनन न हो |
(d) संदेह को नजरअंदाज करें और व्यक्ति को जाने दें |

**5. एक घरेलू विवाद, जो एक प्रेमी द्वारा पत्नी पर कॉल किये जाने के संदर्भ में थाने पहुंचता है, तो इसे कैसे संभाला जाये ?**

(a) दोनों का तलाक करवाएं |
(b) जोड़े को अलग करें और स्थिति का मूल्यांकन करें |
(c) हिंसक पति को गिरफ्तार करने के लिए तत्पर कदम उठाएं |
(d) कॉल को नजरअंदाज करें |

**6. अगर आप पुलिस अधिकारी होते, तो आप किस समस्या का पहले समाधान करते ?**

(a) जलती हुई गाड़ी (b) सड़क हादसा
(c) अपहरण (d) छोटे अपराध

**7. एक स्थिति, जहाँ आप एक साथी अधिकारी को अनैतिक व्यवहार करते हुए देखते हैं, उस समय आप कैसे प्रतिक्रिया करेंगे?**

(a) ऑफिसर को तत्काल संबोधित करें |
(b) उनके व्यवहार की आंतरिक रिपोर्ट करें |
(c) व्यवहार को नजरअंदाज करें और अपने कर्तव्यों पर ध्यान केंद्रित करें |
(d) अनैतिक व्यवहार में शामिल होना |

**8. एक अपराध स्थल पर साक्ष्य एकत्रित और संरक्षित करने की उचित प्रक्रिया का वर्णन करें।**

(a) वस्तुओं को छूना और हिलाना ताकि अधिक देख सकें |

(b) साक्ष्य को इकट्ठा करने और संरक्षित करने के लिए ग्लब्ज और उपयुक्त पैकेजिंग का उपयोग करें |

(c) केवल उन वस्तुओं को इकट्ठा करें जो मामले के लिए प्रासंगिक लगते हैं |

(d) वस्तुओं को इकट्ठा करने से पहले फोटोग्राफ और छायाचित्र लें |

**9. जनहित वाद द्वारा कौन-से प्रशासनिक कार्य नियन्त्रित नहीं किये जा सकते हैं?**

(a) किसी जन-अधिकारी द्वारा जन-कल्याण कोष का गबन करना |

(b) संवैधानिक कर्तव्यों का उल्लंघन करना अथवा अवहेलना करना |

(c) सरकार द्वारा पेट्रोल व डीजल की मूल्य वृद्धि करना |

(d) किसी नदी के क्षेत्र को क्षति पहुँचाकर, किसी राजमार्ग (Highway) का निर्माण करना |

**10. आप एक छोटे शहर के थानेदार हैं और एक स्थानीय उपद्रवी ने शहर के एक व्यक्ति को धमकी दी है। आप :**

(a) उपद्रवी को गिरफ्तार करें |

(b) उसे समझाएं कि धमकी देने के लिए कोई विचार नहीं होना चाहिए |

(c) शहर के अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर योजना बनाएं कि कैसे उपद्रवी को पकड़ा जाए |

(d) शहरी सुरक्षा बल की मदद मांगें और संघर्ष की स्थिति को समाप्त करने के लिए उनके साथ उचित कदम उठाएं |

**11. जनहित वाद (Public Interest Litigation) संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत उच्च न्यायालय में दाखिल किये जा सकते है?**

(a) अनुच्छेद-14
(b) अनुच्छेद-21
(c) अनुच्छेद-32
(d) अनुच्छेद-226

**12. आप एक सड़क पर गाड़ी चला रहे हैं और आपके सामने एक लापरवाह ड्राइवर गाड़ी चला रहा है जो बहुत धीमे चल रहा है और जिससे दूसरी गाड़ियां आगे बढ़ने में असमर्थ है। आप :**

(a) ड्राइवर को गाड़ी साइड में खींचकर उसे रोकें और उसे धमकाएं कि वह ऐसा फिर से न करे |

(b) गाड़ी के पास से धीरे-धीरे गुजरते हुए उसे चेतावनी दें कि वह सावधानी से चलाए |

(c) गाड़ी के पीछे होंसला दें और उसे समझाएं कि धीमे चलने से सामान्य गाड़ीचालन नहीं होता |

(d) उसे ओवरटेक करें |

**13. सकारात्मक संवाद के मुख्य घटक क्या होते हैं?**

(a) डराना और धमकाना
(b) सक्रिय रूप से सुनना और सहानुभूति देना
(c) चिल्लाना
(d) संदेशक के जवाबों को नजरअंदाज करना

**14. एक सामान्य ट्रैफिक के दौरान वाहनों की संपूर्ण जाँच करने की प्रक्रिया का विवरण दें।**

(a) वाहन के भीतर की झलक जल्दी से देखें और ड्राइवर को जाने दें |

(b) किसी भी सामग्री को एकत्रित करने से पहले फोटोग्राफ और छायाचित्र लें |

(c) संवाद कर ड्राइवर की सहमति लें |

(d) तलाशी करने से पहले बैकअप को बुलाएं |

**15. आपको एक बच्चे के अपहरण की रिपोर्ट मिली है और बच्चे को लेकर अपहरणकर्ता फरार हो गया है। आप :**

(a) अपहरणकर्ता को तुरंत गिरफ्तार करें और बच्चे को सुरक्षित करें।

(b) अपहरणकर्ता की खोज करें और उसे जल्दी से गिरफ्तार करें।

(c) अपहरणकर्ता के जन्मजात के पते पर जाकर उसे गिरफ्तार करें।
(d) बच्चे के बचाव के लिए समाज की सहायता मांगें और सुरक्षा बलों के साथ योजना बनाकर उसे गिरफ्तार करें |

**16. विधानसभा चुनाव में एक प्रमुख नेता के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सड़कों को बंद कर दिया है। आप :**
(a) प्रदर्शनकारियों को चेतावनी दें कि वे पुलिस के आदेश का पालन करें और शांतिपूर्ण तरीके से चले जायें |
(b) लोगों के साथ संवाद करें और उन्हें समझाएं |
(c) सहकर्मियों से संपर्क करें और उनसे उचित कदम उठाने का निर्देश दें ।
(d) शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने के लिए लोगों के साथ समझौता करें ।

**17. एक संदिग्ध व्यक्ति का पीछा करते समय अपनी और अन्य लोगों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करेंगे?**
(a) संदिग्ध के पीछे तुरंत भागें |
(b) फ़ोर्स आने तक इंतजार करें |
(c) जोर से चिल्लाएं ताकि संदिग्ध रुक जाए |
(d) सावधानी पूर्वक पीछा करते हुये कण्ट्रोल रूम में सूचना दें |

**18. आपको अपराधियों के एक संगठन के बारे में जानकारी मिली है जो शहर में अपराध की स्थिति को संचालित कर रहा है। आप क्या करेंगे ?**
(a) अपराधियों को गिरफ्तार करना और संगठन को खत्म करना ।
(b) पुलिस बल के साथ सहयोग करके योजना बनाना और उन्हें नियंत्रित करना ।
(c) सामान्य लोगों को संज्ञान में लेना कि वे अपराधियों के खिलाफ खड़े हों ।
(d) अपराधियों के बारे में गहरा अध्ययन करके संबंधित सुरक्षा एजेंसियों के साथ योजना बनाना ।

**19. पुलिस अधिकारी का मुख्य कार्य क्या होता है ?**
(a) व्यापारिक अपराधों का संज्ञान करना
(b) शांति व सुरक्षा स्थापित करना
(c) अपराधियों की गिरफ्तारी करना
(d) सड़क सुरक्षा की जांच करना

**20. आपको एक प्रवासी ने यात्रा के दौरान जानकारी दी कि उसके साथ बैठे कुछ लोगों ने उसका अपहरण कर लिया है आप करेंगे-**
(a) उसे मदद करके पुलिस थाने ले जाना।
(b) अपराधियों को हिरासत में लेना |
(c) उसे मदद के लिए अगले गाँव या शहर की ओर जाने की सलाह देना ।
(d) संबंधित अधिकारी को स्थिति की रिपोर्ट करना और जब तक फ़ोर्स न आये तब तक उसके साथ रहना |

**21. आपके शहर में एक पारिवारिक विवाद है जिसमें दो पक्ष एक-दूसरे के साथ धक्कामुक्की कर रहे हैं। आप :**
(a) जल्दी से वहाँ पहुंचकर लोगों को समझाना कि उन्हें अपने मुद्दों को सुलझाना चाहिए ।
(b) प्रकरण की जाँच करने के लिए पुलिस टीम को बुलाना ।
(c) दोनों पक्षों को अलग करके उन्हें शांत करने के लिए उनके मुद्दों को सुलझाना |
(d) आम जनता के साथ संवाद करके उन्हें अपने मुद्दों को सुलझाने के लिए प्रोत्साहित करना ।

**22. जनहित (Public Interest) का कौन-सा अर्थ सही है?**
(a) प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार मिले |
(b) प्रत्येक व्यक्ति को रहने को घर मिले |
(c) प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा प्राप्त हो |
(d) जनता के प्रत्येक व्यक्ति का कल्याण हो |

**23. इनमें से कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(a) जनहित व्यक्तिगत हित के प्रतिकूल होता है |
(b) जो एक व्यक्ति के हित में है वह समाज के अनुकूल नहीं होगा |
(c) जनहित मानवाधिकारों का समर्थन नहीं करता है |
(d) जनहित सरकार का संवैधानिक दायित्व है |

**24. सर्वोच्च न्यायालय में जनहित याचिका, भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत प्रस्तुत की जाती है?**

(a) अनुच्छेद 19
(b) अनुच्छेद 32
(c) अनुच्छेद 39
(d) अनुच्छेद 47

**25. आप एक घातक अपराध की घटना को नियंत्रण कर रहे हैं जिसमें कई लोगों की जिंदगी को खतरा है। आप :**

(a) अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार करना |
(b) प्रकरण को नियंत्रित करने के लिए अत्यंत सजग रहना तथा आम जनता को भी सजग करना |
(c) अपराधियों को रोकने के लिए अत्यधिक प्रयास करना ।
(d) आम जनता को समझाने के लिए संवाद करना |

**26. जनहित याचिका (PIL) किसके द्वारा प्रस्तुत की जा सकती है?**

(a) किसी भी व्यक्ति द्वारा
(b) न्यायालय के स्वतः संज्ञान द्वारा
(c) किसी मान्यता प्राप्त सामाजिक संस्था द्वारा
(d) उपर्युक्त सभी के द्वारा

**27. शिक्षा का अधिकार किसे प्राप्त है?**

(a) निर्धनों के बच्चों को
(b) श्रमिकों के बच्चों को
(c) वैश्याओं के बच्चों को
(d) उपर्युक्त सभी को

**28. जनहित वाद (Public Interest Litigation) के बारे में कौन-सा एक कथन सही नहीं है?**

(a) जनहित वाद जनता की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रस्तुत किये जाते हैं |
(b) जनता के हित में कोई भी सामाजिक संस्था अथवा जन-प्रतिनिधि जनहित वाद प्रस्तुत कर सकता है |
(c) जनहित वाद को याचिकाकर्ता बिना न्यायालय की अनुमति कभी भी वापस ले सकता है |
(d) वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण अथवा पर्यावरण प्रदूषण के गम्भीर मामलों में जनहित वाद प्रस्तुत किये जा सकते हैं |

**29. कौन-सा कथन समाज सुरक्षा व स्वस्थ-वातावरण के हित में नहीं होगा?**

(a) शुद्ध पेय जल व शुद्ध वायु प्रकृति के अमूल्य वरदान हैं |
(b) सूर्य का भरपूर प्रकाश व पर्याप्त वर्षा प्रकृति की उत्पादन-क्षमता में वृद्धि करते हैं |
(c) वृक्ष मानव जाति के मित्र तथा मानवीय सभ्यता एवं मानव के अस्तित्व के लिए आवश्यक हैं |
(d) धातुओं को प्राप्त करने के लिए जंगलों व वृक्षों को काटने व खानों की खुदाई की अनुमति देना उपयुक्त है |

**30. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य, लोक असुविधा का कार्य नहीं है?**

(a) कार्य जो स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हों |
(b) कार्य जो जन-साधारण की सुरक्षा के लिए खतरा हो |
(c) कार्य जो जनता की सुख-सुविधा को प्रभावित करते हों |
(d) विद्युत की आपूर्ति सुचारु रूप से न किया जाना |

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 - | (B) | 6 - | (A) | 11 - | (D) | 16 - | (A) | 21 - | (C) | 26 - | (D) |
| 2 - | (D) | 7 - | (B) | 12 - | (B) | 17 - | (D) | 22 - | (D) | 27 - | (D) |
| 3 - | (D) | 8 - | (B) | 13 - | (B) | 18 - | (D) | 23 - | (C) | 28 - | (C) |
| 4 - | (C) | 9 - | (C) | 14 - | (C) | 19 - | (B) | 24 - | (B) | 29 - | (D) |
| 5 - | (B) | 10 - | (D) | 15 - | (D) | 20 - | (D) | 25 - | (B) | 30 - | (D) |